आकाशवाणी शिमला

27.03.2024/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आगामी चुनावों के दौरान निर्वाचन आयोग की विभिन्न एप्स के प्रचार–प्रसार के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनावों के लिए प्रत्याशियों के चयन को लेकर कांग्रेस ने चंड़ीगढ में किया मंथन।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आगामी चुनावों में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से केंद्र की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाने का किया आग्रह।
- मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों तक प्रदेश में वर्षा व बर्फबारी की जताई संभावना।

<u>मनीष गर्ग</u>

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आगामी चुनावों के दौरान निर्वाचन आयोग की विभिन्न ऐप्स का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। हमीरपुर में आज निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जिला के अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ये ऐप्स उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों और मतदाताओं के अलावा निर्वाचन डियूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी काफी सुविधाजनक साबित हो सकते हैं। मनीष गर्ग ने मतदाता पंजीकरण, मतदान प्रतिशत में बढ़ौतरी की संभावनाओं और मतदान केंद्रों पर आवश्यक प्रबंधों को लेकर भी अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा आरंभ किए गए मिशन 4 सौ 14 और 22 गोइंग टू 72 अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला हमीरपुर के परिसर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुजानपुर में प्रस्तावित मतगणना केंद्रों और ईवीएम स्ट्रॉंग रूम का निरीक्षण भी किया।

<u>निर्वाचन आयोग–परामर्श</u>

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को गर्मी के मद्देनजर परामर्श जारी किया है। यह परामर्श मौसम विभाग के इस वर्ष मार्च से जून के दौरान सामान्य से अधिक तापमान के पूर्वानुमान के बाद जारी किया गया है। आयोग ने गर्मी के प्रभाव को कम करने के संबंध में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों को साझा किया है। प्राधिकरण ने गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए लोगों को विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर न निकलने की सलाह दी है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से मतदान केंद्रों पर पेयजल और छाया सहित न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं तय करने को कहा है।

<u>बैठक</u>

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक आज चंडीगढ़ में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन सहित सरकार व संगठन में आपसी तालमेल बिठाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित अन्य नेताओं ने भाग लिया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि प्रदेश में चारों लोकसभा सीटों सहित 6 विधानसभा उपचुनावों में भी कांग्रेस पार्टी की जीत होगी।

<u>स्वीप</u>

निर्वाचन आयोग के सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा व निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। ऊना जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान की कड़ी में आज राजकीय डिग्री कॉलेज हरोली में विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिले में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियां की जा रही हैं। विशेषकर नए व युवा मतदाताओं को

मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस बीच बीआरसी भवन ऊना में स्वीप कार्यक्रम के तहत माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हुई। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा ने मतदाता जागरूकता के बारे में जानकारी दी और सभी शिक्षकों से युवा मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

हेमराज बैरवा

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 21 हजार 5 सौ 42 सैन्य जवानों को ई–ट्रांसमिटिड पोस्टल बैलेट पेपर भेजे जाएंगे ताकि सैन्य जवान भी अपने मतदान का प्रयोग कर सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने ये जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टल बैलेट पेपर सभी 17 सेगमेंट्स में भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि मतदान में अधिक से अधिक लोग भाग लें इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान आरंभ किया गया है और दिव्यांगों से लेकर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला में एक हजार 6 सौ 42 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं और इन मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं ताकि लोगों को मतदान करने में किसी भी तरह की दिक्कत न आए।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव को लेकर लाहौल स्पीति के प्रतिनिधिमंडल सहित कुल्लू जिला के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। इस दौरान जयराम ठाकुर ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे आगामी चुनावों के दौरान बूथ स्तर तक लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओ की जानकारी दें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत पर कांग्रेस नेत्री सुप्रिया की अभद्र टिप्पणी को लेकर छोटी काशी मंडी के लोगों में भारी रोष है। इस बीच उन्होंने कुल्लू में भाजपा नेता महेश्वर सिंह से भी मुलाकात की और आगामी चुनावों को लेकर पार्टी की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की।

शिक्षा मंत्री

शिमला संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस–चुनाव–प्रभारी व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों सहित विधानसभा उप–चुनाव में पूरी मजबूती के साथ उतरेगी। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनावों में प्रदेश सरकार के एक साल के कार्यकाल की सफलताओं को लोगों के समक्ष रखा जाएगा। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनहितैषी निर्णय ले रही है जबकि भाजपा ने हमेशा ही झूठ बोल कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द ही लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर चुनाव प्रचार शुरू करेगी। रोहित ठाकुर ने लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा उप–चुनाव में भी कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में विधायकों की खरीद फरोख्त कर सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया है जिसका जवाब प्रदेश की जनता आगामी चुनावों में देगी। इस बीच रोहित ठाकुर ने शिमला संसदीय क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्षों व प्रभारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी से पार्टी की जीत के लिए एकजुट होकर कार्य करने को कहा है। रितेश

इग्नू

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू की सत्रांत परीक्षाएं एक जून से शुरू होंगी। जिसके लिए ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म 31 मार्च तक बिना विलम्ब शुल्क भरे जा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्रदेश भर में स्थित इग्नू अध्ययन केंद्रों या इग्नू क्षेत्रीय केंद्र शिमला से संपर्क किया जा सकता है।

पर्यटन उत्सव

कुल्लू जिले की बंजार घाटी के जिभी में 29 व 30 मार्च को शोभला सराज पर्यटन उत्सव मनाया जाएगा। जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुनैना शर्मा ने बताया कि प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जिभी वैली पर्यटन विकास एसोसिएशन के सहयोग से ये उत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्सव के पहले दिन देशभर से आए प्रतिभागियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 30 मार्च को जलोड़ी पास में स्की–माउंटेनियरिंग ओपन चैम्पियनशिप सहित विभिन्न महिला मंडलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और स्थानीय पारम्परिक व्यंजनों व अन्य उत्पादों से संबंधित स्टॉल भी लगाए जाएगें।

## मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में आगामी चार दिनों तक मौसम खराब रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 28 से 31 मार्च तक प्रदेश के मैदानी व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं–कहीं वर्षा जबकि अधिक ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने 29 व 30 मार्च को प्रदेश के निचले और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में भारी वर्षा, ओलावृष्टि व अंधड़ चलने का अलर्ट जारी किया है।

## वेवसाईट

पत्र सूचना ब्यूरो–पी.आई.बी ने लोकसभा चुनाव की कवरेज करने वाले मीडिया कर्मियों के लिए एक विशेष वेबसाइट– pib.gov.in@elect2024 शुरू की है। इस वेबसाइट पर डिजिटल फिल्प बुक जैसी विशेषताएं हैं, जिनमें कई तरह के विश्लेषण और आंकड़ों से संबंधित लेख शामिल किए गए हैं। मीडिया कर्मी, चुनाव से संबंधित लेख लिखने के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी का इस्तेमाल कर सकते हैं। साथ ही इस पर अनेक उपयोगी लिंक भी उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से पत्रकार, निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर संबंधित जानकारी आसानी से हासिल कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम और अधिसूचना से संबंधित जानकारी भी इस वेबसाइट पर समय–समय पर अपडेट की जाएगी।